जनसुनवाई का आयोजन

करौली (नि.स.)। संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने कहा कि जनसुनवाई व रात्रि चौपाल मे आमजन एवं ग्रामीणों से पेयजल, विद्युत, चिकित्सा, सडक, पेंशन सहित अन्य विभागों से प्राप्त समस्याओं को जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी राज्य

■ **अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश दिये**

सरकार की मंशा के अनुसार समय सीमा मे निस्तारण करना सुनिश्चित करे।

संभागीय आयुक्त शुक्रवार को ग्राम पंचायत कोंडर मे आयोजित रात्रि चौपाल मे आमजन की समस्याओं पर अधिकारियों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों के द्वारा जल जीवन मिशन के तहत पाईपलाईन विछवाने, नल लगवाने, पेयजल उपलब्ध करवाने,पालनहार विधवा पेंशन दिलवाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलवाने, एनएफएसए मे नाम जुडवाने, विकलांगों को ट्राई साईकिल दिलवाने, ग्रामीण क्षेत्र मे हो रहे अतिक्रमण को हटवाने, ग्रामीण क्षेत्र मे सडक निर्माण करवाने, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिये जमीन आवंटित करवाने, पीएम आवास योजना मे नाम जुडवाकर आवास दिलवाने, विद्युत लाईन के ढीले तारो को टाईट करवाने, नहरगढ मे पेयजल की समस्या का सामधान करवाने, नामान्तरण खुलवाने, पंचायतीराज के तहत पट्टा दिलवाने, ग्रामीणों ने तालाब पर हो रहे अतिक्रमण को हटवाने, सीमाज्ञान करवाने, टैंकरों से पेयजल आपूर्ति करवाने, पहाडों पर हो रहे अवैध खनन को रोकने, बंद पडे रास्तों को शुरू करवाने, आधार कार्ड बनवाने सहित ग्रामीणों एवं परिवादियों के कुल 53 प्रकरण प्राप्त हुए। इस पर संभागीय आयुक्त ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश दिये।

शिक्षक संघ राष्ट्रीय का वार्षिक प्रदेश महासमिति अधिवेशन की बैठक हुई

भरतपुर (निस)। शिक्षक संघ राष्ट्रीय का वार्षिक प्रदेश महासमिति अधिवेशन 22 से 23 जून 2024 को बिजौली (बाड़ी) धौलपुर में होना प्रस्तावित है। अधिवेशन में प्रदेश भर के लगभग 1400 अपेक्षित कार्यकर्ता भाग लेगे। अधिवेशन की पूर्व तैयारी के लिए प्रांतीय कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी धौलपुर व उपशाखा कार्यकारिणी समस्त ब्लॉक के साथ पूर्व में गठित समितियों मे मनोनीत संयोजक, सह संयोजक व सदस्यों की संयुक्त बैठक का आयोजन बिजौली में प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय रमेश चंद्र पुष्करणा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के अंतर्गत प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा, प्रदेश

■ **शिक्षक संघ राष्ट्रीय का वार्षिक प्रदेश महासमिति अधिवेशन 22 से 23 जून 2024 को बिजौली (बाड़ी) धौलपुर में होना प्रस्तावित है। अधिवेशन में प्रदेश भर के लगभग 1400 अपेक्षित कार्यकर्ता भाग लेगे।**

संगठन मंत्री घनश्याम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संपत सिंह, प्रदेश सभाध्यक्ष अशोक शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा अरुणा शर्मा, प्रदेश सह संगठन मंत्री जयराम जाट, प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री रवि आचार्य, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं अधिवेशन संयोजक देवेश शर्मा आदि अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति प्राप्त हुई। बैठक का विधिवत शुभारंभ मां सरस्वती एवं मां भारती के चित्रपट पर पुष्प एवं दीपप्रज्ज्वलन कर किया गया। प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम ने बताया कि संगठन में कार्यकर्ता अहम होता है प्रत्येक कार्यसमिति की भूमिका अहम होने वाली है। प्रदेश अध्यक्ष पुष्करणा ने गठित कार्य समितियो के कार्य विभाजन व दायित्वों की समीक्षा की। सुरक्षा, मंच पंडाल, भोजन आदि विषयों पर सुझाव प्रस्तुत कर समर्पण भाव से कार्य करने को प्रेरित किया। इसी श्रृंखला में वरिष्ठ उपाध्यक्ष संपत सिंह, सभाध्यक्ष अशोक शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अरुणा शर्मा, संयोजक देवेश शर्मा ने बैठक को संबोधित कर अपने विचार रखे। अधिवेशन की सफलता हेतु भरतपुर संभाग के अनेकों पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का सहयोग प्राप्त हो रहा है। बैठक में अलका सिंह संभाग संयुक्त मंत्री महिला भरतपुर, ओमप्रकाश खूटेला संभाग संयुक्त मंत्री पुरुष भरतपुर, रामनरेश सिंह राठौड़ संभाग संगठन मंत्री भरतपुर उपस्थित रहे। अंत में प्रदेशध्यक्ष पुष्करणा ने सभी समितियों के संयोजक व सहसंयोजकों से आवंटित कार्य को योजना बंद तरीके से पूर्ण करने के लिए प्रेरित कर सभी का आभार व्यक्त किया।

लाखो रुपये के जेवरात व नगदी चोरी

मासलपुर/करौली (नि.स.)। मासलपुर थाना क्षेत्र के गोलारा गांव में चोर पाटौर पोश घर के छत की पट्टियां हटाकर और खिड़की की जाली तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात और 54 हजार रुपए की नकदी सहित समान चोरी कर ले गए। पीड़ित परिवार ने मासलपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

गोलारा गांव निवासी शिवनारायण शर्मा उर्फ छोटे 45 पुत्र हरिचरण ने मासलपुर थाने में मामला दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ घर के बाहर सो रहे थे। रात को चोर पाटौर पोश घर की छत में लगी पट्टियां हटाकर और खिड़की की जाली तोड़कर घर में घुसे और बक्सों के ताले तोड़कर चोर सोने की छोटी चैन,जेन्टस अंगूठी 2,लेडीज अंगूठी 7,सोने की चैन बड़ी 1,सोने की चूड़ी 6,मंगलसूत्र सोने के मोती 36,कान की झुमकी जोड़ी 1,कोलर 1,टीका 1,चांदी की कौंधनी 1,तोडियां जोड़ी 5,चुटकी जोड़ी 3,बिछिया 1,पायजेब 1,चांदी का कलदार 1 और 54 हजार रुपए,चार सूटकेस लेडीज साड़ी,लहंगा चुन्नी, चोरी कर ले गए।प्रात: जागने पर चोरी का पता लगा। इसके बाद आसपास तलाश की तो गांव के बाहर चार सूटकेश और कुछ कपडे पड़े मिले। मासलपुर थाना पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

सड़क निर्माण के दौरान बनी नालियां बनी आमजन को परेशानी का सबव

करौली, (निसं)। दलदल से निजात दिलाने के लिए भले ही नेशनल हाईवे प्रशासन ने सुध ली हो लेकिन निजात दिलाने के नाम पर नालियों की तोड़फोड़ कर आम जनता और राहगीरों के कोड में खाज का काम किया गया है।

करीब एक दशक पूर्व करौली जिला मुख्यालय स्थित शहर के बीचों-बीच होकर निकल रहे नेशनल हाईवे की सड़क मार्ग पर स्थित मैगजीन तिराहे पर नेशनल हाईवे की सड़क मार्ग किनारे पानी की निकासी के लिए हाईवे प्रशासन ने सड़क निर्माण के दौरान बनाई गई नालियां आमजन और राहगीर को परेशानी का सबव बनी हुई है हालांकि सड़क निर्माण और नाली निर्माण का घटिया काम होने पर निर्माण के दौरान शहर की जनता ने ही नहीं जनप्रतिनिधियों ने जमकर विरोध किया था क्योंकि हाइवे प्रशासन ने नालियों के पानी की निकासी के लिए नाली निर्माण के मापदंड की पूर्ण रूप से अन्देखी करते हुए निर्माण कर दिया जो नाली निर्माण आज शहर की आम जनता के लिए परेशानी का सबव बना हुआ है। देखने लायक तो यह है कि वर्ष 2016 में तेज हुई बरसात में ही नेशनल हाईवे की सड़क और नाली निर्माण की पोल खोल कर रख दी उस दौरान हुई भारी बारिश से जिला मुख्यालय से शहर में पानी की निकासी नहीं होने से बाढ़ जैसे हालात बन गए और तीन दरवाजा स्थित तालाब की पाल टूटने से शहर में बाढ़ सी आ गई और सड़कों, मकानो में पानी भरने से बहुत से मकान ढह गए। यही नहीं उसे दौरान हाईवे सड़क मार्ग की नालियों से कॉलोनी के पानी निकासी में रोड़ा बनने से कई कालोनियां जल मग्न हो गई थी तब भी शहर की आम जनता और जनप्रतिनिधियों ने जमकर विरोध किया था और उस दौरान आम जनता के ऊपर आपदा की गिरि गाज से हुए नुकसान का सरकार के आदेश अनुसार जिला प्रशासन ने सर्वे भी कराया लेकिन उन पीड़ितों को आज तक किसी को आर्थिक सहायता नहीं दी गई है। गौरतलब यह है कि आज इस नेशनल हाईवे की सड़क मार्ग पर स्थित मैगजीन पर सड़क किनारे नालियां भी आमजन और आम राहगीर को परेशानी का सबव बनी हुई है और वर्षा सर पर है मानसून आने वाला है हाईवे प्रशासन ने उन नलियों की परेशानी से निजात दिलाने के लिए गत 15 दिन पूर्व से से ही निर्माण करने और नालियों से जमा होने वाले पानी,दलदल,कीचड़ से निजात दिलाने के लिए निर्माण कार्य तो शुरू कर दिया मगर नालियों की खुदाई कर नाली के दलदल और मलबे के सड़क मार्ग पर डालकर निर्माण करना भूल गए जिससे आमजन को नालियों का कीचड़ और मलवा परेशानी का सबव बन गया है।

दो गांव की भूमि का सीमा ज्ञान कराने की मांग

करौली(नि.स.)। करौली तहसील के घुराकर एवं अटलपुरा गांव के लोगों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन पेश कर दो गांवो कि भूमि का ज्ञान कराने की मांग की है।

घुराकर एवं अटलपुरा गांव निवासी रमेश, रामलखन, रामकुमार, बाबू, प्यारेलाल, हेमराज, कमलेश मीणा, रूप सिंह मीणा, महेश मीणा, राजीव मीना, प्रकाश मीणा सहित दर्जनों की संख्या में आए महिला पुरुषों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन पेश कर बताया कि घुराकर कि ढाणी अटलपुरा पटवार हल्का अतेवा तहसील करौली कि भूमि की सीमा ज्ञान के आदेश तहसीलदार करौली द्वारा 16 मई को दिए गए जिसमें सीमा ज्ञान करने की तिथि राजस्व कर्मियों द्वारा 25 मई निर्धारित की गई थी और नियत तिथि को सीमा ज्ञान टीम मौके पर ग्राम अटलपुरा घुराकर पहुंची लेकिन उस दिन पुलिस जाप्ता नहीं होने के कारण सीमा ज्ञान नहीं किया गया। मौके पर पॉइंट अंकित कर दिए गए थे और बिना सीमा ज्ञान किये टीम वापस लौट आई। इसके बाद आम बस्ती घुराकर अटलपुरा के लोगों ने 6 जून को जिला कलेक्टर को सीमा ज्ञान कराने बाबत ज्ञापन पेश किया जिसमें पुन: सीमा ज्ञान की टीम गठित कर पुलिस सुरक्षा के साथ 14 जून को सीमा ज्ञान करने के आदेश दिए गए सीमा ज्ञान करने हेतु तहसीलदार, गिरदावर, पटवारी करीब 10 कर्मचारी जो 50 पुलिस जवान मौके पर पहुंचे लेकिन सीमा ज्ञान टीम के राजस्व कर्मचारियों द्वारा आपसी षड्यंत्र रखकर मौके पर पेड़ों के नीचे बैठकर पुरानी नक्शा सीटों को दिखाते हुए और भूमि का कोई सीमा ज्ञान नहीं किया गया और चार-पांच बजे सीमा ज्ञान टीम एवं पुलिस दल वापस करौली आ गए और कहा कि इस सीमा ज्ञान टीम से सीमा ज्ञान नहीं हो सकता है इसके बाबत सेटलमेंट टीम को लिखा जाएगा लेकिन सेटलमेंट टीम द्वारा पूर्व में 1 फरवरी 1997 को मौके पर बिंदु अंकित कर दिए गए थे और सेटलमेंट टीम द्वारा अंकित बिंदु अनुसार आज तक रहे लेकिन उक्त भूमि का आज तक सीमा ज्ञान नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि दो गांव की सीमा का विवाद है जिसके कारण सीमा पर काफी मतभेद तनाव चल रहा है और दोनों गांवो की विवादित भूमि का सीमा ज्ञान नहीं किया गया तो किसी प्रकार की भी जन हानि होने की पूर्ण संभावना है और अगर उक्त भूमि का सीमा ज्ञान नहीं किया गया तो आम बस्ती को अनशन पर बैठने को मजबूर होना पड़ेगा एवं उक्त विवादित भूमि का सीमा ज्ञान नहीं किया जाएगा तब तक उक्त भूमि को दोनों ही पक्ष बंजर रखेंगे कोई फसल कास्त नहीं करेगा लंबे समय से बार-बार सीमा विवाद समाप्त करने की मांग करते चले आ रहे हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से ग्राम घुड़ाकर की ढाणी अटलपुरा की भूमि का सीमा ज्ञान कराए जाने के आदेश करने की मांग की है अन्यथा किसी प्रकार की जन हानि होगी जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

उचित क्रिकेट खेलने पर दुनिया की किसी भी टीम को हरा सकता है अमेरिका : जोन्स

लॉडरहिल, 15 जून। अमेरिका के उप कप्तान आरोन जोन्स ने कहा कि अगर उनकी टीम उचित तरीके से और अपनी क्षमता के अनुसार क्रिकेट खेलती है तो वह दुनिया की किसी भी टीम को हरा सकती है। अमेरिका ने आयरलैंड के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद टी20 विश्व कप के सुपर 8 में जगह बनाई। पहली बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे अमेरिका ने ग्रुप ए में कनाडा को सात विकेट से और पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराया था। जोन्स ने संवाददाता सम्मेलन में कहा,"निश्चित तौर पर हम सुपर 8 की चुनौती को लेकर उत्साहित हैं। पिछले दो सप्ताह में हमने दिखाया कि हम प्रतिस्पर्धा पेश कर सकते हैं और आईसीसी के कुछ पूर्णकालिक सदस्य देशों को हरा सकते हैं। "

सुपर 8 में अमेरिका का सामना दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और संभवत: इंग्लैंड से होगा तथा जोन्स ने कहा कि उनकी टीम इन बड़ी टीमों को कड़ी चुनौती देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा,"ईमानदारी से कहूं तो अधिकतर लोगों ने अमेरिकी क्रिकेट पर बहुत अधिक ध्यान नहीं दिया। शायद पूरी दुनिया को इससे पहले पता ही नहीं था कि हमारे पास कितनी प्रतिभा है और हमारे खिलाड़ी कितना अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। यह हमारे लिए थोड़ा फायदेमंद रहा लेकिन निश्चित तौर पर अगर हम उचित क्रिकेट खेलते हैं और यह विश्वास रखते हैं कि हम दुनिया की किसी भी टीम को हरा सकते हैं तो हम ऐसा कर सकते हैं।" अमेरिका ने सुपर 8 में जगह बनाकर 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। जोन्स ने कहा,"यह हमारे लिए बहुत मायने रखता है। पिछले दो वर्षों से हम विश्व कप में खेलने, पूर्णकालिक सदस्य देशों के खिलाफ अधिक मैच खेलने और इसी तरह के विषयों पर बात कर रहे थे। हमने यहां अच्छा प्रदर्शन किया और सुपर 8 में प्रवेश करना शानदार है।"

आईओसी ने 14 रूसी एथलीटों को पेरिस ओलंपिक में प्रवेश की अनुमति दी

मॉस्को, 15 जून। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने पहले 14 रूसी एथलीटों को व्यक्तिगत तटस्थ एथलीटों के रूप में पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में प्रवेश की अनुमति दी है। आईओसी ने एक बयान जारी कर जिन एथलीटों को प्रवेश की अनुमति दी है, उनके एथलीट रोड साइक्लिंग (तमारा द्रोणोवा, अलीना इवानचेंको, एलेक्जेंडर व्लासोव), जिमनास्टिक्स (अंजेला ब्लाडसेवा) और कुश्ती (नाचिन मोंगुश, शमिल मामेदोव, अर्सलान बगाएव, अब्दुल्ला कुर्बानोव, एलन ओस्ताएव, मैगोमेड मुर्तज़ालिव, नताल्या मालिशेवा) के अलावा वेरोनिका चुमिकोवा, अलीना कसाबीवा, एलिसैवेटा पेटलियाकोवा शामिल हैं।

ट्रक और बस की टक्कर में दो यात्रियों की मौत

भरतपुर (निस)। भरतपुर में सेवर थाना क्षेत्र में ट्रक व बस की भिडन्त में दो यात्रियों की मौत हो गई। जबकि करीब आधा दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने मृतकों के शवों का जिला आरबीएम अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं घायलों को इलाज के लिए जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसे के बाद ट्रक सडक किनारे एक घर में जा घुसा। घटना की जानकारी मिलने पर जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव और एडिशनल एसपी ने हॉस्पिटल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक बस बयाना से भरतपुर की तरफ जा रही थी। ट्रक मथुरा की तरफ से आ रहा था। ट्रक ने सरसों अनुसंधान केंद्र के पास बस में सामने से टक्कर मारी। इसके बाद ट्रक रति राम शर्मा के मकान में जा घुसा। इस दुर्घटना में बिचौली थाना उच्चैन के रहने वाले प्रताप सिंह और नगला ठिकरिया के रहने वाले लोक परिवहन बस ड्राइवर हरभान की मौत हो गई। प्रताप सिंह रेलवे में नौकरी करते थे। ड्यूटी पर जाने के लिए बिचौली से भरतपुर आ रहे थे। ट्रक ड्राइवर को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि ट्रक ड्राइवर ने शराब पी हुई थी। पुलिस ने बस और ट्रक को कब्जे में ले लिया। फिलहाल पुलिस घटना के अनुसंधान में जुटी हुई है।

अश्लील विडियो बनाने का आरोपी गिरफ्तार

करौली(नि.स.)। मामचारी थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए महिला का अष्लील विडियो बनाकर वायरल करने के आरोप मे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवादी ने मुकदमा दर्ज कराया कि आरोपी ने मेरी अष्लील विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी हैं। जिसके कारण मेरे मान-सम्मान को हानि पहुंची है समाज में बदनामी हुई है मेरा चरित्र कलंकित हुआ है उक्त रिपोर्ट पर अभियोग संख्या 10/2024 11 जून को धारा 67,67 ए आईटी एक्ट साइबर पुलिस थाना करौली पर पंजीबद्ध कर अनुसंधान किया गया। दुल्लीचन्द आरपीएस थानाधिकारी साइबर पुलिस थाना करौली द्वारा किया गया। बाद अनुसंधान प्रकरण के आरोपी रमेश पुत्र श्रीराम मीना 42 निवासी हनुमानपुरा थाना मामचारी को गिरफ्तार किया गया।जिसे न्यायालय पेश किया जावेगा। साईबर थाने के थानाधिकारी दुलीचंद के निर्देशन में एक टीम गठित की गई जिसमें सुरेन्द्र सिंह उप निरीक्षक,नेत्रश शर्मा हैड कांस्टेबल,श्रीमति रेनू शर्मा महिला कांस्टेबल,संदीप कांस्टेबल,विजय सिंह,महिला कांस्टेबल गोरंता की अहम भूमिका रही।

सम्पत्ति से बेदखल

मैं लाखन सिंह पुत्र हरी उम्र 45 वर्ष जाति हरिजन निवासी हरिजन बस्ती हिण्डौन गेट के पास करौली तह. जिला-करौली शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि राहुल हरिजन उम्र 27 वर्ष मेरा सगा पुत्र है। जिसका चाल चलन सही नही है।। ही वह मेरी किसी बात को मानता है। इसलिये राहुल को मैं मेरी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरे पुत्र राहुल का भविष्य में मेरी सम्पत्ति में कोई अधिकार नही होगा और यदि कोई गलत कार्य करता है तो इसका मेरे से कोई संबंध नही होगा। राहुल से कोई व्यक्ति लेन-देन करता है उसकी मेरी कोई जिम्मेदारी नही होगी। राहुल ही स्वयं जिम्मेदार होगा।

पश्चिम मध्य रेल

संख्या : सी-560/102/STBA/2024-25
दिनांक: 13.06.2024
आवेदन पत्र आमंत्रण हेतु अधिसूचना

भारत संघ के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, प.म.रे, कोटा द्वारा निम्न कार्य हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है: **आवेदन अधिसूचना सं.:** सी-560/102/STBA/11/2024, **कार्य का नाम:** अनारक्षित टिकिट जारी करने के लिए कोटा मण्डल के 29 स्टेशनों पर 03 वर्ष की अवधि के लिए स्टेशन एसटीबीए की नियुक्ति हेतु, **आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 03.07.2024, 17:00 बजे तक, **आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 04.07.2024, 13:00 बजे तक, **आवेदन पत्र खुलने की तिथि एवं समय:** 04.07.2024, 16:00 बजे। **नोट:** आवेदन पत्र एवं विस्तृत नियम व शर्तों को वेबसाईट www.wcr.indianrailways.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा इस कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। **वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, उदयपुर

क्रमांक प.आब/वाहन/निलामी/2023-24/4428 दिनांक:- 10.06.2024

जब्तशुदा वाहनों की निलामी सूचना

ईच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आबकारी अधिनियम 1950 के तहत् राजसात किये गये 65 वाहनों की कुल आरक्षित राशि रू.53,73,200 की सार्वजनिक निलामी दिनांक 03.07.2024 को प्रात: 11:00 बजे से आबकारी भवन 2-गुमानिया वाला, पंचवटी, उदयपुर-313001 (स्थान) पर रखी गई है। निलामी किये जाने वाले वाहनों का विस्तृत विवरण (यथा वाहन का प्रकार, मॉडल/मेक, आरक्षित राशि, अमानत राशि इत्यादि) SPPP वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in और विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No.EXC2425GLOB00013

जिला आबकारी अधिकारी, उदयपुर

						जाति- गुर्जर, रूपो पुत्री भगोली हिस्सा- 1/10 जाति- गुर्जर, लक्ष्मणसिंह पुत्र कलिया हिस्सा- 1/60 जाति- गुर्जर, लक्ष्मीदेवी पत्नि स्व. विशम्भरद याल हिस्सा- 1/20 जाति- गुर्जर, समयसिंह पुत्र कलिया हिस्सा- 1/60 जाति- गुर्जर , समयसिंह पुत्र भगोली हिस्सा- 1/10 जाति- गुर्जर, सरूपी पुत्री भगोली हिस्सा- 1/10 जाति- गुर्जर, हरभेजी पत्नि स्व. भगोली हिस्सा- 1/10 जाति- गुर्जर सा. ग्राम									
						खातेदार								
45	3516 /2	सरकारी भूमि	गै.मु. सड़क	0.12 00	0.0028	सड़क(पी. डब्लू. डी.) हिस्सा- पूर्ण संस्था के लिए	35 17	3516 /1	351 4	353 7				

DIPR/C/4025/2024

भूमि आवाप्ति अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी हिन्डौन, जिला करौली।

कार्यालय सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, भरतपुर

क्रमांक:-एफ/लेखा/देव/भरत/2024-25/1695-1701 दिनांक:-14.06.2024

खुली निविदा सूचना संख्या 01/2024-25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नांकित मरम्मत/रंग-रोगन एवं लोहे के बोर्ड एवं पेन्टिंग कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राजस्थान सरकार के अन्य विभागों/बोर्डों में सखम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों, जो पुरातत्व एवं देवस्थान विभाग तथा अन्य विभागों में समान प्रकृति में कार्य करने का अनुभव रखते हों, से निर्धारित प्रपत्र में मोहर बन्द लिफाफे में खुली निविदा (द्वि-प्रक्रमी बोली) आमंत्रित की जाती है:-

क्र. सं.	सामान	अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा शुल्क	निविदा विक्रय एवं पोर्टल से डाउनलोड की अंतिम तिथि व समय	ऑफालाईन निविदा कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि व समय	निविदा खोलने की तिथि, समय व स्थान
1	इस कार्यालय के क्षेत्राधीन करौली जिले में स्थित राजकीय आत्मनिर्भर श्रेणी के 14 मंदिरों में रंग-रोगन/मरम्मत लोहे के बोर्ड मय पेन्टिग कार्य	12.50 लाख रू.	2 प्रतिशत 24300 /- रूपए	500/- रूपए	24.06.204 को प्रात: 11.30 बजे तक	24.06.2024 को दोपहर 01.30 बजे	24.06.2024 को दोपहर 02.00 बजे पर कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, भरतपुर

निविदा दस्तावेज व शर्तें spp Portal एवं विभागीय वेबसाइट www.devasthan.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा उन्हीं निविदादाताओं की खोली जाएंगी, जिनके द्वारा तकनीकी निविदा के साथ निर्धारित निविदा शुल्क 500/- रूपए एवं निविदा प्रतिभूति राशि 24300/-रूपए जरिए डीडी (जो कि सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, भरतपुर के पक्ष में देय हो) संलग्न की गई हो। निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित हो जाने पर अगले कार्य दिवस पर निविदा खोली जाएगी। उक्त निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार उपापन समिति को होगा।

UBN No DEV2425WS0B00026

(कृष्ण कुमार खण्डेलवाल)
सहायक आययुक्त
देवस्थान, विभाग भरतपुर